








## हर पात्र हितग्राही तक लाभ पहुंचाने का रखें लक्ष्य-सीईओ,आकांक्षी विकासखंडों की समीक्षा बैठक

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 18 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में जिला पंचायत सभागार में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सौम्या आनंद की अध्यक्षता में आकांक्षी विकासखंडों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में तीनों विकासखंडों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर प्रभारी जिला योजना अधिकारी गिर्राज शर्मा, डीपीओ महिला बाल विकास महेन्द्र कुमार अम्ब, जनपद सीईओ कराहल राकेश शर्मा, सहायक संचालक शिक्षा यश जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद ने संबंधित अधिकारियों को आंकाक्षी विकासखण्ड के सूचकांको में उल्लेखनीय प्रगति लाने के निर्देश दियें, महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया गया कि जन्म से कम वजन वाले बच्चों के लिए डायट चार्ट तैयार किया जाए। साथ ही आंगनबाडी केन्द्रों में बच्चों के संपूर्ण पोषण पर फोकस किया जायें। उन्होने कहा कि पीएम जनमन योजना, धरती आबा योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत योजना जैसी जनहितैषी योजनाओं में अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। सीईओ सुश्री आनंद ने फंक्शनल टॉयलेट, एमपीसी, स्वास्थ्य एवं शिक्षा से संबंधित सूचकांक में सुधार के लिए संबंधित विभागों को ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए और कहा कि आकांक्षी विकासखंडों की प्रगति में तेजी लाने हेतु समन्वयपूर्वक कार्य आवश्यक है।

## पराली प्रबंधन के लिए किसान हो रहे आधुनिक





**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 18 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में पराली प्रबंधन को लेकर किसानों में लगातार जागरूकता बढ रही है, ग्राम सोईकलां के प्रगतिशील किसान लोकेन्द्र सुमन ने पराली प्रबंधन के लिए शासन प्राप्त अनुदान योजना का लाभ लेकर सुपर सीडर खरीदा है, उन्होने बताया कि वे इससे पराली प्रबंधन के साथ-साथ बुवाई भी आसानी से कर पायेगे। इसी प्रकार ग्राम बर्धा बुजुर्ग के किसान आलमगिर पहलवान से भी पराली प्रबंधन में सक्रिय भागीदारी दिखाई है, श्योपुर के किसानों का यह कदम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान है।

## बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना में करें आवेदन

### आदिवसी वर्ग के युवाओं को मिलेंगे 1 से 50 लाख तक ऋण

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 18 अक्टूबर।** मध्यप्रदेश आदिवासी वित्त विकास निगम भोपाल द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवा हितग्राहियों से स्वरोजगार स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये है। योजना में आदिवासी वर्ग के युवाओं को 1 से 50 लाख रूपये तक का ऋण उपलब्ध होगा। इस संबंध में आवेदन समस्त पोर्टल पर ऑनलाइन किये जा सकते है तथा अधिक जानकारी के लिए कलेक्टर कार्यालय स्थित आदिवासी वित्त विकास निगम के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

आदिवासी वित्त विकास निगम के शाखा प्रबंधक एवं सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता ने बताया कि उक्त योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए जिले को 11 प्रकरणों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना के तहत लाभ लेने के लिए मप्र के मूल निवासी अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवा जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष है तथा कक्षा 8वी परीक्षा उत्तीर्ण हो, पात्र होगें।

परिवार की वार्षिक आय सीमा 12 लाख रूपये से अधिक नही होना चाहिए। इस योजना के तहत उद्योग स्थापित करने के लिए 50 लाख रूपये तक तथा सेवा क्षेत्र में स्वरोजगार के लिए 25 लाख रूपये तक का ऋण मिलेगा। इच्छुक आवेदक पर आवेदन कर सकते है।

### टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना में एक लाख तक मिलेगा ऋण

**श्योपुर।** मध्यप्रदेश आदिवासी वित्त विकास निगम भोपाल द्वारा टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों से स्वरोजगार स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये है। योजना में आदिवासी वर्ग के सदस्यों को 10 हजार से 01 लाख रूपये तक का ऋण उपलब्ध होगा। इस संबंध में आवेदन समस्त पोर्टल पर ऑनलाइन किये जा सकते है तथा अधिक जानकारी के लिए कलेक्टर कार्यालय स्थित आदिवासी वित्त विकास निगम के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## तम्बाकू मुक्त युवा अभियान की बैठक 27 अक्टूबर को

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 18 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा की अध्यक्षता में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान से संबंधित साप्ताहिक गतिविधियों को लेकर बैठक 27 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक के पश्चात् आयोजित की जायेगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्योपुर, सीईओ जिला पंचायत, जिला अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0, 9 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विभिन्न विभागीय साप्ताहिक गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

## अंतर्राज्यीय सीमा समन्वय बैठक आयोजित




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 18 अक्टूबर।** आगामी अंता विधानसभा उपचुनाव (राजस्थान) को दृष्टिगत रखते हुए राजस्थान के बाँरा जिले एवं मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त अंतर्राज्यीय सीमा समन्वय बैठक पुलिस चौकी बमोरी कलां जिला बांरा राजस्थान में आयोजित की गई। इस अवसर पर श्योपुर एसडीएम गगन सिंह मीणा, एसडीओपी श्योपुर राजीव गुप्ता, बडौदा प्रवीण आष्ठाना एवं दोनो राज्यों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में दोनों राज्यों के अधिकारियों ने सीमा क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने, अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण तथा सूचना आदान-प्रदान की प्रक्रिया को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि चुनाव के दौरान अंतर्राज्यीय सीमाओं पर विशेष निगरानी रखी जाएगी, चेकपोस्टों पर संयुक्त गश्त एवं तलाशी अभियान चलाए जाएंगे ताकि किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि को रोका जा सके।

## जरूरतमंद बच्चों को कपडे वितरित कर मनाया सार्थक जन्मदिन

**बैतूल।** आज के दौर में जहां जन्मदिन पार्टियों और आधुनिक आयोजनों में मनाया जाता है, वहीं बैतूल के श्रवणकर दंपति ने अपने बेटे का जन्मदिन सेवा और संवेदना से जोड़कर एक मिसाल पेश की। श्रीमती तनुजा श्रवणकर और अशोक श्रवणकर ने अपनी बड़ी पुत्री अद्विता (रुही) के साथ अपने दो वर्षीय पुत्र अद्विक (रुद्र) का जन्मदिन बैतूल से लगभग 70 किलोमीटर दूर, जिले की सीमा और अन्य जिले की सीमा से लगे विकासखंड चिचोली के दूरस्थ वन ग्राम में जरूरतमंद बच्चों को कपड़े वितरित कर मनाया।

इस अवसर पर बालक के मामा पंकज डोंगरे ने सहयोगी भूमिका निभाई। श्रवणकर दंपति से जुड़े परिजन, परिचित और शुभचिंतकों ने इस पहल की सराहना करते हुए नन्हे अद्विक (रुद्र) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं और मंगलकामनाएं दीं। यह जन्मदिन सामाजिक सरोकार और मानवता का सुंदर उदाहरण बन गया।

## जनपद कर्मचारियों की दीपावली पर छाया आर्थिक अंधेरा

**आमला। धनतेरस और दीपावली जैसे त्योहार पर जहां बाजारों में रौनक है, वहीं जनपद पंचायतों के कर्मचारियों के घरों में मायूसी का माहौल है। कारण पिछले पांच माह से वेतन नहीं मिला है।**

जनपद पंचायत के इंजीनियर, रोजगार सहायक, ब्लॉक समन्वयक सहित कई अन्य कर्मी अब भी अपने मेहनताने के इंतजार में हैं। जनपद पंचायत के कर्मचारियों ने बताया कि मई माह के बाद से अब तक वेतन नहीं मिला है। कई बार जिला कार्यालय और सीईओ से लेकर उच्च अधिकारियों तक गुहार लगाने के बावजूद वेतन की समस्या जस की तस बनी हुई है। इससे कर्मचारियों को अपने परिवार का भरण-पोषण करना भी मुश्किल हो गया है। धनतेरस और दीपावली पर जहां आम लोग खरीददारी में व्यस्त हैं, वहीं इन कर्मचारियों के घरों में दीप जलाने तक के पैसे नहीं बचे। बच्चे नए कपड़ों के इंतजार में हैं और घर की गृहिणियाँ खर्चों को लेकर चिंतित हैं।एक रोजगार सहायक ने बताया कि, पिछले कई महीनों से उधारी पर घर चल रहा है, अब दुकानदार भी पैसे मांगने लगे हैं। ऐसे में त्योहार मनाने का मन नहीं रह गया। कर्मचारियों ने जिला पंचायत प्रशासन से जल्द वेतन जारी करने की मांग की है। उनका कहना है कि लगातार वेतन न मिलने से मनोबल टूट रहा है और परिवार आर्थिक संकट से गुजर रहा है।जनपद पंचायत के ये कर्मचारी ग्रामीण विकास की रीढ़ माने जाते हैं ये ही सड़क, स्वच्छता, मनरेगा और आवास जैसी योजनाओं को धरातल पर उतारते हैं। लेकिन आज वही कर्मचारी अपनी आजीविका के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बिना धन कैसा धनतेरस यह पंक्ति इस बार उन कर्मचारियों की व्यथा बन गई है जिनकी जेबें खाली हैं और उम्मीदें प्रशासन से जुड़ी हैं।

### बिना परमिट दौड़ रही जर्जर टैक्सी, प्रशासन मौन

**पाथाखेड़ा।** सारनी क्षेत्र में परिवहन विभाग के नियमों की खुलेआम धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं। सड़कों पर जर्जर टैक्सियां बिना परमिट चल रही है। स्कूल वैन बच्चों की जान से खिलवाड़ करती नजर आ रही हैं। रोज़ाना सुबह-शाम सड़कों पर फर्राटे भरती ये टैक्सियाँ यात्रियों और मासूम बच्चों को जोखिम में डाल रही हैं, जबकि प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में लगभग 40 प्रतिशत वाहन परिवहन नियम व बिना वैध परमिट के संचालित हो रहे हैं, जो न केवल परिवहन नियमों की अवहेलना है, बल्कि शासन को आर्थिक नुकसान भी पहुँचा रहे हैं। कई स्कूल संचालक भी स्थिति से बेखबर हैं उनके द्वारा किराए पर ली गई टैक्सियाँ और ऑटो बिना टैक्स चुकाए सड़कों पर दौड़ रही हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद परिवहन विभाग और प्रशासन की कार्रवाई न के बराबर है।

### हर घर दिवाली अभियान के तहत बच्चों, बुजुर्गों को भेंट किए उपहार

बैतूल। राज्य आनंदम संस्थान के अंतर्गत पंजीकृत संस्था प्रत्याशा आनंद क्लब ने हर घर दिवाली अभियान के तहत विकास वार्ड की आनंद आंगनवाड़ी में बच्चों के बीच पटाखे, कपड़े, खिलौने, मिठाई एवं दिए वितरित किए। प्रत्याशा आनंद क्लब की अध्यक्ष तूलिका पचौरी ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह है कि जो दिवाली मनाने में असमर्थ होते हैं हमारे द्वारा ऐसे जरूरतमंद परिवारों को दिवाली मनाने के लिए पटाखे, दिए, कपड़े, मिठाई, भेंट की जाती है। श्रीमती निमिषा शुक्ला ने बताया कि हम हर वर्ष ऐसे परिवारों के साथ दिवाली मनाते हैं और खुशियां बांटते हैं।

## शासकीय भूमि की खुदाई बनाई जा रही ईंटे

**पाथाखेड़ा।** सारनी क्षेत्र के आस पास इलाकों में शासन की आंखों के नीचे शासकीय भूमि का खुलेआम दोहन जारी है। शोभापुर, पाथाखेड़ा व सारनी क्षेत्र के फॉरेस्ट की जमीन पर अवैध रूप से लाल ईट बनाने वाले माफिया की मौज बनी हुई है। बिना परमिशन के जमीन खुदाई कर लाखों रुपए की कमाई करने का गोरखधंधा चरम पर है। यह काला कारोबार अब केवल प्रजापति समाज तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अन्य जातियों के दबंग लोग भी लाल ईट भट्टे बनाने के लिए सरकारी जमीनों को खोद रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, इन क्षेत्रों में कई जगहों पर अवैध रूप से खनन कर लाल ईट भट्टे संचालित किए जा रहे हैं, जहां से ट्रैक्टरों में ईट भरकर शहर में निर्माण कार्यों में बेची जा रही है। प्रशासनिक अमले की नाक के नीचे से हो रही यह अवैध गतिविधि पर्यावरण को भी गहरी क्षति पहुँचा रही है। बीते महीनों में नायब तहसीलदार व एसडीएम स्तर पर शिकायतें दर्ज होने के बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई नहीं की जा सकी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इन लाल ईट भट्टा संचालकों की दबंगई के कारण क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त है।

## बैतूल में बारिश, फसलों पर संकट के बादल

**बैतूल।** शनिवार अचानक मौसम का मौसम का मिजाज बदल गया है और जिला मुख्यालय पर करीब 20 मिनट तक बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के भीतर गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, यह प्रणाली मध्यप्रदेश के दक्षिणी इलाकों को प्रभावित कर रही है, जिससे बैतूल और आसपास के जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। जिले में आखिरी बार 6 अक्टूबर को लगभग दो इंच बारिश दर्ज की गई थी। इसके बाद से मौसम शुष्क बना हुआ था। लगभग 12 दिनों के अंतराल के बाद अब फिर से बारिश के आसार बन रहे हैं। भू-अभिलेख कार्यालय की वर्षा रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष अब तक जिले में औसतन 1007.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 1061.2 मिमी बारिश हुई थी। जिले का सामान्य औसत 1083.9 मिमी है, जिससे इस वर्ष थोड़ी कम वर्षा हुई है। सर्वाधिक वर्षा भैंसदेही क्षेत्र में 1478 मिमी दर्ज की गई है, जबकि सबसे कम आठनेर में 749.2 मिमी रही। बता दे कि शुक्रवार शाम को जिले के प्रभात पट्टन क्षेत्र में तेज बारिश हुई, जिससे खेतों में कटी पड़ी सोयाबीन की फसल भीग गई। खरीफ फसलों की कटाई इस समय जोरों पर है, और अचानक हुई इस बारिश से फसल के दानों में अंकुरण तथा गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ने का खतरा बढ़ गया है। मौसम विभाग ने अगले दो से तीन दिनों तक जिले में बादल छाए रहने और बीच-बीच में बारिश व गरज-चमक की स्थिति बने रहने का अनुमान जताया है।


## आम सूचना

श्रीमती प्रतीभा खरे पत्नी श्री शशिकांत खरे एवं श्री शशिकांत खरे पुत्र श्री हनुमंत खरे के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम रामनगर, प.ह.नं.24, रा.नि.मं. दतिया, तहसील एवं जिला दतिया (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र.197/202मिन2 ग्राम रामनगर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1125 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में भूखण्ड यादव, पश्चिम में भूखण्ड श्री अमित जरखरिया, उत्तर में रास्ता 18 फुट चौड़ा एवं दक्षिण में-भूमि श्री अशोक गुप्ता है। उक्त सम्पत्ति एवं सलंग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री खेमराज पुत्र श्री बृजलाल शर्मा एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री खेमराज शर्मा द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती सरला शर्मा पत्नी स्व. श्री महेन्द्र वर्मा को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी09592018ए1279319 दिनांक 24.04.2018 से विक्रय की गई। श्रीमती सरला शर्मा उक्त सम्पत्ति श्रीमती प्रतीभा खरे पत्नी श्री शशिकांत खरे एवं श्री शशिकांत खरे पुत्र श्री हनुमंत खरे को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी09592019ए1345983 दिनांक 25.05.2019 से विक्रय की गई। श्रीमती प्रतीभा खरे एवं श्री शशिकांत खरे द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान वास्तु हाउसिंग फायनेंस कॉर्पोरेशन लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय को एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर अथवा कोई रजिस्टर्ड दस्तावेज होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या-भवन क्र.52, कैलाश विहार,**
**फ़ैडरल बैंक के पास**
**सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)**
**मो.नं. 98276-72710**


**कार्यक्रम** गडली-सुसुन नृत्य से किया मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व, कोरकू संस्कृति ने जीता सबका दिल

## बैतूल के कलाकारों ने जयपुर में लहराया कोरकू संस्कृति का परचम

### मप्र का प्रतिनिधित्व जिले के लोक कलाकारों ने किया
### कलाकारों ने गडली नृत्य की दी मनमोहक प्रस्तुति

**बैतूल। जवाहर कला केंद्र जयपुर में आयोजित 28वें लोकरंग महोत्सव में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व बैतूल जिले के लोक कलाकारों ने गडली-सुसुन नृत्य के माध्यम से किया।**

यह राष्ट्रीय लोकनृत्य समारोह 7 से 17 अक्टूबर तक चला, जिसमें देश के 8 राज्यों गुजरात, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्यप्रदेश, केरल, महाराष्ट्र, लक्षद्वीप और तमिलनाडु की लोक संस्कृतियां साकार हुईं। मध्यप्रदेश की ओर से कोरकू संस्कृति के प्रसिद्ध गडली नृत्य की प्रस्तुति दल प्रमुख एच. जी. एस. प्रदेश संस्कृति रीति रिवाज प्रमुख महादेव बारस्कर के नेतृत्व में दी गई। टीम का संचालन और निर्देशन हमसे मिलना है तो होशंगाबाद आना गीत के प्रसिद्ध गायक सिंगर अर्जुन धोटे एवं डायरेक्टर परमेश बारस्कर के मार्गदर्शन में हुआ। कलाकारों ने नौवें और दसवें दिन मध्यवर्ती मंच पर कोरकू संस्कृति के पारंपरिक गडली नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर पूरे मध्यप्रदेश और कोरकू समुदाय को गौरवान्वित किया। ढोलक, बांसुरी और थापटी की लय पर जब पुरुषों ने सुसुन और महिलाओं ने गडली नृत्य किया, तो पूरा सभागार मंत्रमुग्ध हो उठा। गडली-सुसुन नृत्य कोरकू समुदाय की मूल पहचान है। यह एक मांगलिक नृत्य है, जिसमें पुरुषों द्वारा किए जाने वाले नृत्य को सुसुन और महिलाओं द्वारा किए जाने वाले नृत्य को गडली कहा जाता है। कोरकू समुदाय में नृत्य सदैव सामूहिक रूप में ही किया जाता है। यह परंपरा पूरे वर्ष धार्मिक अनुष्ठानों, दशहरा, दिवाली और शिवरात्रि जैसे पर्वों पर निभाई जाती है। पुरुष ढोलक और बांसुरी की थाप पर नृत्य करते हैं, जबकि महिलाएं चिटकोरी नामक वाद्य यंत्र बजाती हैं, जिसमें घुंघरू लगे होते हैं। **बैतूल जिले के कलाकारों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन:** लोकरंग महोत्सव के समापन पर कला, साहित्य, संस्कृति, पर्यटन एवं पुरातत्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव ने लोकरंग का झंडा उतारकर 11 दिवसीय राष्ट्रीय लोकनृत्य समारोह और राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले का विधिवत समापन किया। इस अवसर ने भारत की विविध सांस्कृतिक छवि को साकार करते हुए लोककला, नृत्य और संगीत की सुनहरी यादें छोड़ीं, वहीं बैतूल जिले के कलाकारों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से मध्यप्रदेश और कोरकू समाज का नाम गौरवान्वित किया।

## एक नजर में

### खेत मे सरसों बोने की बात पर तीन लोगों ने की एक को पीटा

श्योपुर। थाना ढोढर मारपीट फरि. सुरेश पुत्र वीरमान बंजारा उम्र 34 साल नि. बलावनी ने रिपोर्ट की कि दि. 17.10.25 के 08.20 बजे स्थान फरि का खेत पर आरोपीगण, गोमा बंजारा, नरेन्द्र बंजारा, शीला बाई बंजारा नि.गण सदर ने फरि के खेत मे सरसो बोने की बात पर मारपीट की गंदी गंदी गालियां दी जान से मारने की धमकी दी। दि. 17.10.25 के 10.52 बजे अप.क्र. 87/25 धारा 115(2),296,351(3),3(5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

### पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौच मारपीट

थाना विजयपुर मारपीट फरि. सोनेराम पुत्र प्रभू कुशवाह उम्र 45 साल नि. किशईयापुरा ने रिपोर्ट की कि दि. 16.10.25 के 21.00 से 21.15 बजे स्थान फरि. के घर के बाहर चबूतरा पर आरोपीगण सुरेश पुत्र प्रभू कुशवाह, बिलाती पत्नी सुरेश कुशवाह नि. किशईयापुरा, महीपत कुशवाह, दाताराम पुत्र महीपत कुशवाह नि. बल्ला का पुरा ने फरि को पुरानी रंजिश को लेकर मां बहन की गंदी गंदी गालियां दी मारपीट की। दि. 17.10.25 के 11.50 बजे अप.क्र. 406/25 धारा 115(2),296,3(5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

### खेत से ट्रेक्टर निकालने की बात को लेकर मारपीट

थाना देहात मारपीट फरि. मानसिंह पुत्र काडूलाल मीणा उम्र 25 साल नि. गांधी नगर प्रेमसर थाना देहात ने रिपोर्ट की कि दि. 17.10.25 के 11.30 बजे स्थान फरि का डेम के पास वाला खेत गांधीनगर पर आरोपीगण सीताराम, रामराज, सोनू जातिगण वैरवा नि.गण पानड़ी ने फरि. को खेत से ट्रेक्टर निकालने की बात को लेकर मां बहन की बुरी बुरी गालियां दी मारपीट कर चोट पहुचाई व जान से मारने की धमकी दी। दि. 17.10.25 के 13.48 बजे अप.क्र. 285/25 धारा 115(2),296,351(2), 3(5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

### विवाद की बात को लेकर मारपीट,मारने की धमकी दी

थाना देहात फरि. सीताराम पुत्र नारायण वैरवा उम्र 45 साल नि. पानड़ी थाना देहात ने रिपोर्ट की कि दि. 17.10.25 के 12.00 बजे स्थान फरि. के घर के बाहर ग्राम पानड़ी पर आरोपीगण रामसिंह मानसिंह, रामदयाल, गिर्राज सभी जातिगण मीणा नि.गण गांधी नगर प्रेमसर ने फरि व फरि. की पत्नी व लड़का की फरि. के लड़के सोनू वैरवा से हुये विवाद की बात को लेकर आरोपीगणो ने फरि. के घर के बाहर आकर जातिसूचक मां बहन की बुरी - बुरी गालियां दी मारपीट कर चोट पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी। दि. 17.10.25 के 15.15 बजे अप.क्र. 286/25 धारा 115 (2),296,351(2),3(5) बीएनएस 3 (1)(द),3(1)(ध), 3(2)(व्हीए) एससी / एसटी एक्ट कायम कर लिया हैं।

### आपसी रंजिश पर से गुमटी मे आग लगा दी, मामला कायम

थाना कोतवाली आगजनी की घटना फरि. रामबाबू पुत्र छोटेलाल खटीक उम्र 53 साल नि. गुरुद्वारा के पास श्योपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 16.10.25 के 18.00 बजे स्थान फरि. के खाली प्लाट के पास गुमटी पर आरोपी शमशेर पुत्र बाबू खान नि. गुरूद्वारा के पास श्योपुर ने आपसी रंजिश पर से फरि. की गुमटी मे आग लगा दी जिससे फरि का लगभग 40,000/-रु. का सामान जल गया। दि. 17.10.25 के 18.51 बजे अप.क्र. 249/25 धारा 326 (एफ) बीएनएस 3 ( 2 ) व्हीए एससी/एसटी एक्ट कायम कर लिया हैं।

### जुआ खेलते चार जुआरी पकड़े

थाना विजयपुर जुआरी पकड़े आरोपीगण सोनू पुत्र हरिविलास कुशवाह नि. प्रहलादपुरा, दीपक उर्फजींगुर पुत्र कन्हैया राठौर उम्र 19 साल नि. अस्पताल के पास विजयपुर, जीतू उर्फजितेन्द्र राठौर पुत्र रामजी उम्र 30 साल नि. राम मौहल्ला विजयपुर, रिंकू पुत्र पूरन जाटव नि. थाना मौहल्ला विजयपुर, कोकसिंह उर्फकोका कुशवाह नि. प्रहलादपुरा विजयपुर को दि. 18.10.25 के 00.15 बजे स्थान दांगीबाबा मंदिर का स्थान कस्बा विजयपुर पर जुआ खेलते पकड़े गये कब्जे से ताश की गड्डी तथा नगदी 24655/-रु. जप्त किये। दि. 18.10.25 के 00.56 बजे अप.क्र. 407/25 धारा 13 जुआ एक्ट कायम कर लिया हैं।

### तीन ने एक को पीटा, मामला कायम

थाना गसवानी मारपीट फरि. सूरज पुत्र खच्चू परिहार उम्र 55 साल नि. बड़ौदाकलां ने रिपोर्ट की कि दि. 17.10.25 के 22.00 बजे स्थान फरि. के घर के सामने पर आरोपीगण महेन्द्र, मुकेश, अंकेश जातिगण परिहार नि.गण सदर ने पुरानी रंजिश पर से फरि. व उसके नाती की मारपीट की व मां बहन की गंदी गंदी गालियां दी व जान से मारने की धमकी दी। दि. 17.10.25 के 23.30 बजे अप.क्र.63/25 धारा 115(2),296,351(2),3 (5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

### पुरानी रंजिश पर चार ने की एक के साथ मारपीट

फरि. हरिसिंह पुत्र प्रहलाद परिहार उम्र 32 साल नि. बड़ौदाकलां ने रिपोर्ट की कि दि. 17.10.25 के 22.00 बजे स्थान फरि. के घर के सामने पर आरोपीगण 1. विजेन्द्र 2. बिंदु 3. लक्ष्मण 4. कालीचरण जातिगण परिहार नि.गण सदर ने पुरानी रंजिश पर से फरि व उसके चाचा के लड़को की मारपीट की व मां बहन की गंदी गंदी गालियां दी व जान से मारने की धमकी दी। दि. 18.10.25 के 00.59 बजे अप.क्र. 64/25 धारा 115 (2),296,351 (2),3 (5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

### एक युवक से 6 ग्राम स्मैक और 62 हजार रुपये किये जप्त

थाना कराहल मादक पदार्थ स्मैक पकड़ा आरोपी मनोज पुत्र नन्दकिशोर कुशवाह उम्र 24 साल नि. शंकरपुर थाना कराहल को दि. 16.10.25 के रात्रि 01.50 से 04.10 बजे स्थान आरोपी का घर कब्जे से मादक पदार्थ स्मैक पाउडर 6.17 ग्राम मय पॉलीथन के कीमती 62 हजार रुपये की जप्त की। दि. 16.10.25 04.58 बजे अप. क्र. 176/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट कायम कर विवे. निरी. यास्मीन खांन।

### विजयपुर के हुल्लपुर में रीछ ने किया हमला

विजयपुर। विजयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हुल्लपुर के चरवाहे पर जंगली जानवर रीछ ने हमला किया आज दिनांक 18/10/025 को शुबह 9,10 बजे के बीच की धटना धटित हुई है कि हुल्लपुर निबासी सिद्धनाथ पुत्र रघुनंदन रावत उम्र 55 बर्ष डगरिया मैं खिरकाईयों पर रह कर अपनी भैस चलाते थे अन्य ग्रामीणों के साथ आज शुबह नै दस बजे के करीब डगरिया से सटे तालाब मैं भैंसों को पानी पिलाने अरसे थे इसी बीच जंगली जानवर रीछ ने हमला कर दिया चीख पुकार सुनकर खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने सुनी तब लाठी डंण्डा लेकर ग्रामीण तालाब की तरफ हल्ला बोल कर सिद्धनाथ पुत्र रघुनंदन राबत को बचा लिया तथा तुरंत निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विजयपुर लाये जहां डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत देखकर सामान्य उपचार कर ग्वालियर रैफर कर दिया गया सूचना मिलते ही अमिता सिंह तोमर तहसील दार मौके पर पहुंची व पहुंचकर हाल जान उक्त धटना से दूल्हा बाला व हुल्लपुर ग्राम के ग्रामीणों मैं जंगली जानवरों के इस प्रकार के हमले से भयभीता है।

### मनाया जायेगा मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस

श्योपुर। मध्यप्रदेश शासन की मंशानुसार श्योपुर जिले में मध्यप्रदेश के 70वे स्थापना दिवस समारोह का आयोजन 1 से 3 नवंबर 2025 तक किया जायेगा। इस संबंध में सीईओ जिला पचांयत सुश्री सौम्या आनंद द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग को समारोह का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस समारोह के लिए संस्कृति विभाग द्वारा दिशा-निर्देश जारी किये गये है, जिला स्तरीय समारोह में सांस्कृतिक गतिविधियां, प्रदर्शनी एवं स्कूल, कॉलोजो में निबंध, वाद-विवाद, चित्रकलां, स्लोगन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। जिले में उत्कृष्ट कार्यो की प्रदर्शनी लगेगी, साथ ही एक जिला एक उत्पाद का प्रदर्शन भी किया जायेगा। जिला मुख्यालयों पर स्थित सभी शासकीय भवनों पर प्रकाश की व्यवस्था की जायेगी। स्थापना दिवस को पूरी भव्यता एवं समारोहपूर्वक मनाने हेतु तैयारियां प्रारंभ की जा रही है। समारोह में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, उद्योगपतियों, छात्र-छात्राओं, एवं शहीद सैनिकों के परिवारों आदि की विशेष तौर पर भागीदारी होगी।